राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं के लिए आठ सीटें (मेडिकल कालेजों में तीन, इंजीनियरिंग कालेजों में तीन और पोलिटेक्निक्स में दो) आरक्षित होती हैं। भारतीय बाल कल्याण परिषद, वीरता के कार्य में घायल अथवा विकलांग हुए बच्चों की चिकित्सा की व्यवस्था भी करती है।

(ङ) से (छ) बिहार के मुर्तजा अन्सारी, जो पढ़ाई नहीं कर रहे थे, को अब स्कूल में दाखिल करा दिया गया है। मास्टर प्रदीप को, उसका अपहरण कर लिए जाने के भय से उसके अभिभावकों ने स्कूल नहीं भेजा। परिषद ने आगामी सत्र में उसके दाखिले के लिए आश्वासन प्राप्त कर लिया है।

**विद्यालय जाने वाले बच्चों को दोपहर का भोजन**

4101. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विद्यालय जाने वाले बच्चों को दोपहर का भोजन कार्यक्रम को कुछ राज्यों में समुचित रूप से लागू नहीं किया गया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) उसके क्या कारण हैं ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा)** : (क) से (ग) केन्द्र सरकार, मध्याह्न भोजन कार्यक्रम को कार्यान्वित नहीं कर रही है। कुछेक राज्य सरकारें इस कार्यक्रम को अपने संसाधनों से चला रही हैं। पौष्टिक आहार कार्यक्रम, न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम का एक घटक है। इसके लिए बजट प्रावधान को इस कार्यक्रम को कार्यान्वित करने वाले राज्यों के योजनागत तथा योजनेतर प्रावधानों के अन्तर्गत रखा जाता है।

**हाई स्कूल परीक्षा को समाप्त किया जाना**

4102. **श्री तारा चरण मुजुमदार** : क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने कि कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का हाई स्कूल परीक्षा को समाप्त करने पर विचार करने का प्रस्ताव है जिससे 10+2 प्रणाली के अंतर्गत हाई स्कूल और वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के दो चरणों में दो अंतिम परीक्षाएं देने के स्थान पर उच्चतम माध्यमिक शिक्षा के चार वर्षीय स्कूली शिक्षा के चरण को पूरा करने के बाद केवल एक अंतिम परीक्षा ही ली जाए ; और

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय ( शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा)** : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

**Affiliation of University in Silchar**

4103. SHRI BHADRESHWAR GOHAIN : Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether Government have received any memorandum from the All Assam Students Union requesting for conferring the affiliating provision to Assam University at Silchar, Cachhar in Assam;

(b) whether Government propose to introduce an amendment bill to the Parent Act ; and

(c) if so, by when, and if not, what are the reasons thereof?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) Yes, Sir. A representation has been received from All Assam Students Union regarding modification of the affiliating status of Assam University, Silchar.

(b) and (c) A proposal has been received from Government of Assam that Section 6(2) of the Assam University Act, 1989 should remain in view of the aspirations of the people living in the districts of Cachhar, Karimganj, Hailakandi, N.C. Hills and Karbi Anglong, while section 6(1) of the Act should be amended to confine the jurisdiction of the Assam University at Silchar to the five district namely, Cachhar, Karimganj, Hailakandi, N.C. Hills and Karbi Anglong and Section 6(3) of the Assam University Act should be deleted entirely. The proposal of the Assam Government is under examination.

**Opening a Regional Office of UGC at Madras**

4104. SHRI S. MUTHU MANI : Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether Government are considering to open a regional office of U.G.C. at Madras ;

(b) whether any malfunctioning of U.G.C. has come to the notice of Government ; and

(c) if so, what are the details thereof ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE (KUMARI SELJA): (a) The UGC has informed that the Commission has taken a decision, in principle, to set up its regional offices. An Empowered Committee, constituted by the UGC, is examining the various issues like location